कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर

Phone no./Fax no. 01370-260070 mail- eepwdkirtinagar@rediffmail.com

पत्रांक 649 / 33 सी दिनांक 01 / 05 / 2025

सेवा में,

**प्रभागीय वनाधिकारी**
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनिकीरेती ऋषिकेश।

विषय :– जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकासखण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत चिलेड़ी–मणजुली मोटर मार्ग के कि0मी0 6 हे0मी0 2–4 में चौंरीखाल–सिरवाड़ी–काण्ड़ा मोटर मार्ग नवनिर्माण कार्य की वनभूमि पत्रावली प्रेषण के सम्बन्ध में। (FP/UK/ROAD/151193/2022)

सन्दर्भ– आपका पत्रांक सं0–2880 / 12–1 दिनांक 30.04.2025

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव दिनांक 19.04.2025 को ऑन लाईन आपत्तियों में इस खण्ड़ को वापस किया गया है। जिसका निराकरण निम्नवत किया जा रहा है।

अतः महोदय से निवेदन है कि प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

| Sl. No. | User agency againt E.D.S. | E.D.S. Reply |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | परिवेश पोर्टल के भाग–। में अपलोड़ के0एम0एल0 फाईल का अवलोकन करने पर पाया गया है कि मोटर मार्ग के प्रत्यावर्तित क्षेत्र का क्षेत्रफल 4.00 हे0 प्रदर्शित हो रहा हैं जबकि आपके द्वारा दिये गये प्रतिउत्तर में प्रत्यवर्तित वन भूमि का क्षेत्रफल 0.9975 हे0 अवगत कराया गया है। कृपया के0एम0एल0 फाईल को प्रस्तावित क्षेत्रफल के अनुरूप संशोधित करते हुए परिवेश पोर्टल के भाग–। में यथा स्थान अपलोड़ करें। | प्रस्ताव में संलग्न प्रारूप–15.1 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके अनुसार मार्ग के संरेखण में केवल सिविल सोयम (0.9975 हे0) तथा नाप भूमि (2.1525 हे0) प्रभावित हो रही है इस प्रकार मार्ग में कुल 1.425 कि0मी0 लम्बाई तथा 7.00 मी0 चौड़ाई में सिविल सोयम भूमि प्रत्यावर्तित की जानी है, जिसका क्षेत्रफल 0.9975 हे0 उचित प्रतीत होता है।<br>प्रस्तावित मार्ग की कुल लम्बाई 4.500 कि0मी0 एवं 7.00 मी0 चौड़ाई का के0एम0एल0 संशोधित कर पुनः अपलोड़ किया जा रहा है। |
| 2 | परिवेश पोर्टल के भाग–। में अपलोड़ के0एम0एल0 फाईल का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि आपके द्वारा के0एम0एल0 में मलवा निस्तारण स्थल नहीं दर्शाये गये है। कृपया के0एम0एल0 फाईल में मलवा निस्तरण स्थलों को दर्शाते हुये परिवेश पोर्टल के भाग–। में यथा स्थान अपलोड़ करें। | के0एम0एल0 में मलवा निस्तारण स्थल अंकित कर परिवेश पोर्टल के भाग–। में यथा स्थान अपलोड़ कर दिया गया है। |

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि आपका पत्र सं0–2370 / 12–1 दिनांक 17.03.2025 के बिन्दु सं0–2 के क्रम में अवगत कराना है कि के0एम0एल0 में प्रस्तावित मार्ग पर वानिकी एवं गैरवानिकी भूमि को अलग–अलग रंगों से दर्शाया जाना सम्भव नहीं है। उक्त हेतु टोपोशीट मानचित्र संलग्न किया गया है जिसमें वानिकी एवं गैरवानिकी भूमि को अलग–अलग रगों से स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है।

(इं0 धीरेन्द्र कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**
अ0ख0,लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर